प्रेस नोट - दिनांक 31.03.2025

थाना बारासगवर, जनपद उन्नाव।

महिला की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारासगवर पुलिस, सर्विलांस व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा महिला की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 30.03.2025 को समय करीब 12.00 बजे थाना बारासगवर क्षेत्रांतर्गत ग्राम किशुनीखेड़ा निवासिनी सुनीता पत्नी अशोक कुमार धानुक उम्र करीब 45 वर्ष का शव मृतका के घर पर मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मृतका के सिर व गले पर चोट के निशान मिले थे। थाना बारासगवर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 50/25 धारा 333/103(1) बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना वादी, गवाहान के बयान व अन्य संकलित साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्त सुनील उर्फ कलिन्दा पुत्र रमेश उर्फ मकरी रैदास नि0ग्राम रसूलपुर थाना बारासगवर जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष का नाम प्रकाश में आया | प्रकाश में आये अभियुक्त सुनील उर्फ कलिन्दा पुत्र रमेश उर्फ मकरी रैदास नि0ग्राम रसूलपुर थाना बारासगवर जनपद उन्नाव की गिरफ्तारी आज दिनांक 31.03.2025 को मुखबिर की सूचना के आधार पर रसूलपुर तिराहा से की गयी | दौराने पूछताछ अभियुक्त द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया तथा बताया कि दिनांक 29.03.2025 की रात वह आम के पेड के साहरे से ग्राम किशुनीखेडा की सुनीता के घर में घुस गया था, तभी वह जग गयी और मुझे पकड़ने लगी बचकर भागते समय मैने तख्त पर पडी कुल्हाडी सुनीता के सर व चेहरे पर कई वार कर घायल कर दिया। इस दौरान कुल्हाडी का बेंट टूट गया और कुल्हाडी का फॉल वही मौके पर गिर गया और टूटा हुआ कुल्हाड़ी का बेंट मेरे हाथ में रह गया था व सुनीता भी वही जमीन पर गिर गयी मैने उसके बाद उसको हिलाया ढुलाया लेकिन वह कुछ बोल नही सकी तब मै डर गया था और जिधर से घर के अन्दर गया था उधर से वापस भाग आया था और तलाब के पास जाकर मैने वह कुल्हाडी का टूटा हुआ बेंट छिपा दिया था।

अभियुक्त सुनील उपरोक्त की निशादेही पर कालिका मन्दिर रसूलपुर के पास बने तालाब के किनारे मिट्टी में छिपाकर रखे आला कत्ल कुल्हाडी के टूटे हुये बेंट को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. सुनील उर्फ कलिन्दा पुत्र रमेश उर्फ मकरी रैदास नि0ग्राम रसूलपुर थाना बारासगवर जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष

विवरण बरामदगी –

1. एक अदद आला कत्ल कुल्हाड़ी का बेंट

गिरफ्तारी मे शामिल पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्रनाथ मिश्र थाना बारासगवर जनपद उन्नाव |
2. उ0नि0 श्री विनोद कुमार थाना बारासगवर जनपद उन्नाव |
3. हे0का0 चन्द्रेश कुमार थाना बारासगवर जनपद उन्नाव |
4. का0 नीरज कुमार थाना बारासगवर जनपद उन्नाव |

सर्विलांस टीम उन्नावः-

1. उ0नि0 निखलेश कुमार (प्रभारी सर्विलांस टीम)
2. का0 प्रशान्त बालियान

स्वाट टीम उन्नावः-

1. उ0नि0 ज्ञान सिंह
2. हे0का0 आशीष मिश्रा
3. हे0का0 सतेन्द्र कुमार
4. का0 विकास कुमार
5. का0 नितीश यादव
6. का0 यशवीर सिंह
7. का0 रवी कुमार
8. का0 गौरव कुमार
9. का0 शुभम कुमार